# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26
वर्ष - 15 ■ अंक - 264 ■ अम्बिकापुर, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये
WWW.cgfrontline.com


# प्रधान आरक्षक की पत्नी व बेटी की निर्मम हत्या से उबल पड़ा शहर

## पूरे दिन शहर में रहा तनाव, कोतवाली के सामने डटे रहे लोग, किया सड़क जाम

■ **एसडीएम भी भीड़ का गुस्सा देखकर दौड़ लगाते नजर आए**

**छ.ग.फ्रंटलाइन सूरजपुर।** शहर में बीती रात दोहरे हत्याकांड की वारदात हुई, जिसमें कोतवाली में पदस्थ प्रधान आरक्षक तालिब शेख की पत्नी व बेटी की घर में घुस कर निर्मम हत्या कर दी गई। इनका शव सोमवार को शहर से करीब चार किलोमीटर दूर ग्राम पीढ़ा में सड़क के दोनों ओर पाया गया। दोहरे हत्या की इस वारदात के बाद शहर में आक्रोश भड़क उठा और आक्रोशित भीड़ ने हत्या के एक संदेही युवक के घर को आग के हवाले कर दिया। शहर की दुकानें बंद रहीं, वहीं पूरे दिन तनाव का माहौल बना रहा। आक्रोशित लोग आरोपी के गिरफ्तारी की मांग को लेकर दिन भर कोतवाली के सामने डटे रहे और सड़क जाम कर दिया। लोगों के आक्रोश को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी, पुलिस शांति व्यवस्था बनाए रखने में लगी रही। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस के आला अधिकारी दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया।

जानकारी के मुताबिक यहां कोतवाली में पदस्थ प्रधान आरक्षक तालिब शेख नगर के वार्ड क्रमांक 2 महगांव, रिंग रोड स्थित एक किराए के मकान की दूसरी मंजिल पर पत्नी व बेटी के साथ रहते हैं। रविवार को शहर में दुर्गोत्सव के विसर्जन की शोभायात्रा निकाली गई थी, जहां उनकी ड्यूटी लगाई गई थी। घर पर उनकी पत्नी 38 वर्षीया मेहू फैज व पुत्री करीब 15 वर्षीय आलिया शेख थीं। रात में हमलावरों ने प्रधान आरक्षक के घर में घुसकर मां-बेटी दोनों की धारदार हथियार से हत्या कर दी। दोनों का शव घर से चार किमी दूर पीढ़ा गांव में सड़क के दोनों और खेत में सुबह पड़ा मिला। बताया गया है कि प्रधान आरक्षक रात 11.30 बजे अपनी पत्नी को फोन किए मगर मोबाइल रिसीव नहीं हुआ तो वे घर पहुंचे। अस्त-व्यस्त घर में पत्नी व बेटी नहीं मिली, कमरे में खून के छींटे मिले, किसी अनहोनी की आशंका पर उन्होंने इसकी जानकारी अधिकारियों को दी। पुलिस टीम प्रधान आरक्षक की पत्नी व बेटी के तलाश में जुटी, मगर रातभर पतासाजी के बाद भी दोनों की कोई जानकारी नहीं मिल सकी। सोमवार की सुबह पीढ़ा गांव की एक महिला ने सड़क के दोनों ओर शव पड़े होने की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस के आला अधिकारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। यहां डॉक्टरों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया है। प्रधान आरक्षक के मनेंद्रगढ़ स्थित निवास में शव ले जाया गया। शहर में हुए दोहरे हत्याकांड के मामले में शहर के ही कुलदीप साहू नामक युवक पर संदेह जताया जा रहा है, जो कबाड़ी का काम करता है।



### सभ्य समाज को शर्मसार करने वाली घटना

मुस्लिम समाज ने जिला दंडाधिकारी व कोतवाली में एक ज्ञापन सौंपकर घटना की निंदा करते हुए दोहरे हत्याकांड के आरोपी व सहयोगियों की जल्द से जल्द गिरफ्तरी की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रधान आरक्षक की पत्नी व बच्ची की निर्मम हत्या की गई है, जो एक सभ्य समाज को शर्मसार करने वाली है। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। कार्रवाई के अभाव में तीन दिन बाद उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है। ज्ञापन सौपने वालों में शेख आशिम हुसैन रजवी, अब्दुल रब सिद्दीकी, अख्तर अली, अब्दुल रकीब, मजिब रजा अंसारी, मो. खलील अंसारी, शहजाद अली शेख व सद्दाम हुसैन शामिल रहे।



### गर्म तेल उड़ेल कर आरक्षक को मारने का किया प्रयास



बताया जा रहा है कि रविवार की रात को प्रधान आरक्षक तालिब शेख व आरक्षक घनश्याम सोनवानी चौपाटी पर खड़े थे, यहां किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद आरोपी ने बिरियानी सेंटर की कड़ाही में रखा गर्म तेल आरक्षक घनश्याम के ऊपर उड़ेल दिया, जिससे वहां पर अफरातफरी की स्थिति निर्मित हो गई। गर्म तेल शरीर में पड़ने के बाद जलन से चीखते आरक्षक को जिला अस्पताल लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार पश्चात हालत नाजुक होने पर उसे हायर सेंटर रिफर किया गया है।

### आदतन बदमाश है कुलदीप

आरोपी कुलदीप साहू आदतन बदमाश है, उस पर मारपीट के कई मामले दर्ज हैं। उसका पूरा परिवार आदतन बदमाश है। कबाड़ का धंधा करने वाले इस परिवार में कुलदीप का पिता अशोक साहू, चाचा संजय साहू दोनों पर जिला बदर की कार्रवाई हो चुकी है। कुलदीप की बदमाशी व मारपीट की घटना आम बात थी। हाल ही में शहनाज अख्तर के कार्यक्रम दौरान उसने एक लड़के को छत से फेंक दिया था। दो माह पूर्व भी एक लड़के के साथ मारपीट किया था, जिसकी रिपोर्ट भी हुई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई। तीन वर्ष पूर्व थाने में घुसकर मारपीट का भी उस पर आरोप है, लेकिन पुलिस ने आज तक कभी ठोस कार्रवाई नहीं की, जिसके कारण इस हत्याकाण्ड के बाद लोगों का गुस्सा सामने आया और लोग पुलिस को ही खरी-खोटी सुनाते नजर आए। हर किसी के जुबान पर एक ही बात थी कि पुलिस के संरक्षण के कारण उसका आतंक बढ़ता रहा, जिसका परिणाम इस ढंग से सामने आया है।



### पुलिस पर कार चढ़ाने का किया प्रयास

आरक्षक पर तेल उड़ेलने के बाद आरोपी ने थाने के सामने खड़े पुलिस जवानों पर एक नहीं दो-दो बार कार चढ़ाने का प्रयास किया। ऐसे में वे इधर-उधर भाग कर अपनी जान बचाए। इसके बाद पुलिस टीम उसके खोजबीन में लगी थी, इधर दोहरे हत्याकांड को अंजाम देकर वह भाग निकला। बताया यह भी जा रहा है कि कुलदीप अपने परिवार के लोगों पर कोतवाली पुलिस की लगातार कार्रवाई से नाराज था, जिसे इस वारदात की प्रमुख वजह माना जा रहा है।

### आक्रोशित लोगों ने घर, गोदाम किया आग के हवाले

घटना को लेकर शहर में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई और थाने के सामने बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। थाने से चंद कदम की दूरी पर स्थित संदिग्ध आरोपी युवक के घर व घर के सामने खड़ी वाहनों को आक्रोशित भीड़ ने आग के हवाले कर दिया और आग बुझाने के लिए आई फायर बिग्रेड वाहन को घुसने तक नहीं दिया गया। कबाड़ों के जलने के दौरान धमाके की आवाज भी सुनने को मिल रही थी। इस बीच मौके पर पहुंचे एसडीएम को भी भीड़ का गुस्सा झेलना पड़ा और उन्हें भागकर थाने में शरण लेनी पड़ी। लोगों की नाराजगी यहीं नहीं रुकी उन्होंने रिंग रोड व मानपुर स्थित कबाड़ गोदाम को भी आग के हवाले कर दिया। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए शहर बंद करा दिया गया। थाना के समीप भीड़ ने जाम भी कर दिया था।


### मैदान में उतरे आईजी, कलेक्टर व एसपी

सरगुजा रेंज के आईजी अंकित कुमार गर्ग, कलेक्टर रोहित व्यास व पुलिस अधीक्षक एमआर अहिरे कोतवाली में डटे हुए हैं। पुलिस अधीक्षक तो पूरी रात खुद आरोपी के तलाश में लगे रहे। इधर आईजी अंकित कुमार गर्ग व कलेक्टर रोहित व्यास भी पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। अधिकारियों ने लोगों को यह भरोसा दिलाया है कि आरोपी पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# न्यायालय में आत्मसमर्पण करके पहुंचा ईनामी अभियुक्त अभिषेक पांडेय गिरफ्तार


## बहुचर्चित राजमिस्त्री संदीप लकड़ा की हत्या का था आरोपी

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के सीतापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बहुचर्चित संदीप लकड़ा हत्याकांड का मुख्य आरोपी, ठेकेदार अभिषेक पांडेय सोमवार को आत्मसमर्पण करने के लिए जिला एवं सत्र न्यायालय अंबिकापुर पहुंचा। इसकी जानकारी पुलिस को मिली और न्यायालय पहुंची पुलिस ने उसे अपने अभिरक्षा में ले लिया।



बता दें कि सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम उलकिया का राजमिस्त्री संदीप लकड़ा 3 महीने से लापता था। स्वजनों की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट पर पुलिस गुमशुदगी का मामला दर्ज करके जांच में जुटी थी। पुलिस को विवेचना कार्रवाई के बीच गुमशुदा राजमिस्त्री के संबंध में तकनीकि माध्यम से कई जानकारी मिली थी और हत्यारोपियों के निशानदेही पर उसका शव 06 सितंबर को मैनपाट क्षेत्र में नवनिर्मित पानी टंकी की नींव के नीचे दफन मिला था। पुलिस ने पानी टंकी को ध्वस्त करके जेसीबी से खोदाई कराया था और लगभग 15 फीट नीचे दफनाए गए शव को बरामद किया था, जो सड़-गल गया था। इसके बाद पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया, लेकिन मुख्य आरोपी अभिषेक पांडेय फरार था। आईजी ने मुख्य आरोपी पर 30 हजार व एसपी ने 10 हजार रुपये वहीं सर्व आदिवासी समाज ने भी इनाम घोषित किया था। मुख्य आरोपी बीते 06 सितंबर को संदीप लकड़ा का शव मिलने के बाद पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। इसके बाद सरगुजा पुलिस ने उसके सारे बैंक एकाउंट को सीज कर दिया था। साथ ही स्वजन, दोस्तों के फोन को पुलिस ने सर्विलांस पर डालकर रखा था। अभिषेक पांडेय के द्वारा किसी से संपर्क नहीं करने की स्थिति में पुलिस उसका लोकेशन तलाश नहीं पा रही थी। इस बीच अभिषेक के पिता के फोन पर नेपाल से कॉल आया, जिसमें अभिषेक के नेपाल में कब्जे में होने की बात कहते हुए रुपये की मांग की गई थी। इधर पुलिस को अभिषेक पांडेय का अलग-अलग लोकेशन मिल रहा था। इस बीच पुलिस को पता चला कि सूरजपुर निवासी एक जेसीबी संचालक के नियमित संपर्क में वह है, इसके बाद पुलिस ने जेसीबी संचालक को अपने कब्जे में ले लिया था। लगातार बढ़ते दबाव को देखते हुए अभिषेक, सोमवार को अंबिकापुर न्यायालय आत्मसमर्पण करने की नीयत से पहुंचा। यहां उसके आने की सूचना मिली और पुलिस ने उसे अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस मुख्य अभियुक्त से हत्याकांड सहित उसके फरार होने के दौरान की गतिविधियों और जघन्य हत्या से संबंधित अन्य पहलुओं पर पूछताछ कर रही है।

# इंडियन एयरफोर्स की टीम फाइटर प्लेन का मॉडल लेकर पहुंची अंबिकापुर



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में इंडियन एयरफोर्स की टीम फाइटर प्लेन का मॉडल लेकर अंबिकापुर पहुंची है। टीम के द्वारा निजी और शासकीय कॉलेजों के छात्र-छात्राओं को इंडियन एयरफोर्स में जाने की जानकारी दे रही है। लेफ्टिनेंट प्रणय भगत का मानना है कि ग्रामीण क्षेत्रों से छात्र-छात्राएं जानकारी के अभाव में इंडियन एयरफोर्स में नहीं जा पाते हैं, यही वजह कि दिल्ली से इंडियन एयर फोर्स की टीम ऐसे छात्र-छात्राओं के बीच यह बताने के लिए पहुंची है कि इंडियन एयर फोर्स में जाकर वे अपना भविष्य कैसे संवार सकते हैं। टीम ने अंबिकापुर के निजी और शासकीय कॉलेजों के छात्र-छात्राओं को वायु सेना के फाइटर प्लेन का मॉडल दिखाया और उन्हें एयरफोर्स में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। टीम का उद्देश्य महानगरों के छात्र-छात्राओं के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को इंडियन एयर फोर्स में शामिल करके उनका करियर संवारना है।

# चंगाई सभा के आड़ में मतांतरण का आरोप, विहिप ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**छ.ग.फ्रंटलाइन उदयपुर।** सरगुजा जिले के उदयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सायर में चंगाई सभा के आड़ में मतांतरण का बड़ा खेल चलने का आरोप हिंदू संगठनों ने लगाया है। ऐसा ही एक मामला सरगुजा कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम बनसिंह नेताम के द्वारा पंचायत सचिव कामेश्वर सिंह के माध्यम से रविवार 13 अक्टूबर की सुबह चंगाई सभा को बंद कराने के बाद सामने आया। सचिव ने गांव के चौकीदार छन्नू दास को डुबला एक्का के ग्राम सायर स्थित घर में चल रहे चंगाई सभा को तत्काल बंद कराने के लिए कहा था। चौकीदार के पहुंचने के बाद चंगाई सभा को बंद कर दिया गया था। इधर जैसे ही ग्रामीणों को इसकी भनक लगी, तो उन्होंने विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और अन्य हिंदू संगठनों को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलने पर तत्काल विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड प्रमुख हरिओम सोनी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक यहां पर चंगाई धर्मसभा बंद हो चुका था। इसके बाद वे केदमा चौकी में मतांतरण की जानकारी दी। विश्व हिंदू परिषद की ओर से सोमवार को उदयपुर एसडीएम, तहसीलदार, थाना प्रभारी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया गया है कि प्रखंड उदयपुर के ग्राम सायर में धर्म विशेष के लोगों द्वारा भोले-भाले आदिवासी, मझवार एवं कोरवा जनजाति के लोगों के घर-घर तक धर्म विशेष की पुस्तक का वितरण किया जा रहा है। ग्राम सायर में राजपुर के डुबला एक्का के द्वारा कई महीनों से धर्म सभा होने और लोगों को मतांतरित करने के साथ ही भोले-भाले आदिवासियों को अपने जाल में फंसा कर इनके जमीन को भी प्रलोभन देकर खरीदने का आरोप लगाया गया है। कहा गया है कि ग्राम सायर में घर बनाकर डुबला एक्का के द्वारा धर्म सभा का आयोजन किया जा रहा है। इनके द्वारा आदिवासियों को बरगलाकर अंधविश्वास फैलाने की बात कही गई है।



# औराझरिया घाट पर ऑटो में सवार छात्र व ग्रामीण बाल-बाल बचे

**छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर।** कॉलेज के कुछ छात्रों और ग्रामीणों को लेकर रामानुजगंज की ओर जा रही ऑटो वाहन में आई तकनीकी खामी के कारण में बड़ी दुर्घटना होते-होते टल गई।



जानकारी के अनुसार ऑटो के पिछले चक्का का हब टूटने के कारण वाहन एक ओर झुक गया। घटना के बाद ऑटो में सवार छात्रों और ग्रामीणों के बीच अफरा-तफरी मच गई। हालांकि हादसे में किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं आई है। घटना की सूचना मिलते ही बलरामपुर हाईवे पेट्रोलिंग टीम के अमित मिंज, कुमार सानू तुरंत मौके पर पहुंचे। बता दें कि इन दिनों बलरामपुर जिले की सड़कों की हालत बद से बदतर हो गई है और लोगों के लिए चलना दूभर हो गया है। आए दिन दुर्घटनाओं की संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं।

# कौशल पखवाड़ा में बेरोजगार युवाओं को मिलेगा सुनहरा अवसर-विश्वविजय

## कौशल पखवाड़ा का राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

**छ.ग.फ्रंटलाइनं अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार अंबिकापुर के लाइवलीहुड कॉलेज में कौशल पखवाड़ा का सोमवार को शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में अलग-अलग क्षेत्रों से आए प्रशिक्षित हितग्राही और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कौशल पखवाड़ा के अंतर्गत जिले में प्रशिक्षित हितग्राहियों को स्वरोजगार के क्षेत्र से जोड़ते हुए, लघु-घरेलु उद्योग या व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए जिले के खादी ग्राम उद्योग, जिला व्यापार उद्योग केन्द्र, जिला अंत्यावसायी आदि विभागों से सामंजस्य कर ऋण प्रदाय में सहयोग किया जाएगा। कौशल विकास योजनांतर्गत जिले में व्याप्त रोजगार/स्वरोजगार हेतु बाजार मांग के अनुसार हितग्राहियों को उनके रूचि अनुसार प्रशिक्षण प्रदान करते हुए आजीविका का साधन उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे हितग्राही अपने जीविकोपार्जन करने के साथ-साथ अपने परिवार का पालन एवं पोषण बड़ी सरलता से कर सके। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, नगर पालिक निगम के पार्षद आलोक दुबे, जनपद उपाध्यक्ष विष्णु दास, जनपद सदस्य गंगा दास शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने प्रशिक्षित हितग्राहियों के लिए कौशल पखवाड़ा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि, यह पखवाड़ा उन बेरोजगार युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो अपने कौशल को विकसित कर रोजगार पाने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहते हैं। इस पखवाड़े के तहत विभिन्न प्रकार के कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। पार्षद आलोक दुबे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कौशल विकास केवल रोजगार पाने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें अपने युवा साथियों को इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। कौशल पखवाड़ा उद्घाटन समारोह में संयुक्त संचालक रोजगार एसपी त्रिपाठी, डीएसएसडीए सहायक संचालक ललित पटेल, जनपद पंचायत सीईओ आरएस सेंगर, डीपीओ साक्षरता गिरीश गुप्ता, जन शिक्षण संस्थान के निदेशक एम. सिद्दीकी, लाइवलीहुड एपीओ अकरम खान, प्रीति तिवारी, रजनीश मिश्रा, इंदु मिश्रा और विवेक सिंह मौजूद थे।



सरगुजा फ्रंटलाइन

# अंदरूनी बस्तियों तक साइबर अपराध के प्रति जागरूकता लाने पहुंच रही पुलिस

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस द्वारा जारी साइबर जागरूकता अभियान के तहत अंदरूनी बस्तियों तक के नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत ऑनलाइन ठगी की घटनाओं से बचने सहित खाता संबंधी जानकारी का आदान-प्रदान करते समय या आधुनिक तकनीकि का उपयोग करते समय सावधानी बरतने सजग किया गया। साइबर संबंधी ऑनलाइन घटना होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने कहा गया। यह




हेल्पलाइन नंबर साइबर अपराध की तुरंत रिपोर्ट करने और त्वरित सहायता प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम है। साइबर वालंटियर ने नागरिकों को जानकारी दी कि यदि उनके साथ किसी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी या ऐसा कोई अपराध होता है, तो वे इस नंबर पर कॉल करके तत्काल मदद प्राप्त कर सकते हैं।

इन्हें ऑनलाइन ठगी, खाता संबंधित जानकारियों को गोपनीय रखने, किसी अनजान को नहीं देने, सोशल मीडिया साइट में अनजान लोगों से मित्रता नहीं करने सहित डॉयल 112 आपातकालीन सेवा और 181 महिला हेल्पलाइन के उपयोग के बारे में बताया गया। इन्हें बताया गया कि महिला हेल्पलाइन महिलाओं के खिलाफ होने वाले साइबर अपराधों की रिपोर्टिंग और उन्हें तत्काल सुरक्षा सहायता प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण है। नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया गया ताकि नागरिक साइबर अपराध की शिकायत दर्ज कर सकें। कार्यक्रम के दौरान अभिव्यक्ति ऐप की जानकारी प्रदान की गई, जो महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने में मदद करता है। किसी भी परिस्थिति में बैंकिंग कारोबार के समय ओटीपी साझा नहीं करने, फिशिंग ईमेल से सतर्क रहने और संदिग्ध ऑनलाइन लिंक पर क्लिक नहीं करने कहा गया। इस दौरान पुलिस टीम के साथ साइबर वॉलंटियर अतुल गुप्ता, विक्की गुप्ता शामिल रहे।

## कोतवाली थाना क्षेत्र से स्कूटी सहित तीन दोपहिया वाहनों की चोरी

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शहर से सिलसिलेवार होती दोपहिया की चोरी की कड़ी में चोरों ने कोतवाली थाना क्षेत्र से एक स्कूटी और दो मोटरसाइकिल पार कर दिया। घटना की रिपोर्ट वाहन स्वामियों ने थाने में दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच में लिया है।

जानकारी के मुताबिक राम मंदिर रोड निवासी राजेश कुमार अग्रवाल पिता घनश्याम दास अग्रवाल 57 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 12 अक्टूबर की शाम करीब 7 बजे वे अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 सीडब्ल्यू 5660 को लॉक करके अपने घर के सामने गेट के पास खड़ा किए थे। रात करीब 8.15 बजे मोटरसाइकिल नहीं थी। आसपास तलाश के बाद भी मोटरसाइकिल का पता नहीं चला। दो अन्य घटनाओं में गांधीनगर थाना क्षेत्र के भगवानपुर में किराए के मकान में रहकर साईं बाबा कॉलेज में पढ़ाई करने वाले मूलत: कुर्मीपानी थाना सरईपानी जिला महासमुन्द निवासी विनय पटेल ने कोतवाली पुलिस को बताया है कि 11 अक्टूबर को वह सुबह करीब 11 बजे मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 06 जीबी 1646 से महामाया मंदिर गया था। मोटरसाइकिल को महामाया मंदिर के गेट के पास खड़ी करके मंदिर में पूजा करने गया था। दोपहर करीब 1.20 बजे वापस आया तो मोटरसाइकिल खड़ी किए गए स्थान पर नहीं थी। काफी तलाश के बाद भी मोटरसाइकिल का पता नहीं चला। वहीं पुराना बस स्टैंड रोड, दुर्गा बाड़ी के सामने से 11 अक्टूबर को रात करीब 10 बजे चोर स्कूटी लेकर चलते बने। घटना तिथि को कन्हैयालाल अग्रवाल अपनी पत्नी के साथ चांदनी चौक में बनाए गए दुर्गा पण्डाल में मातारानी का दर्शन करने के लिए होण्डा एक्टिवा क्रमांक सीजी 15 सीएन 1913 से आए थे। स्कूटी को दुर्गा पण्डाल के सामने खड़ी करके माता का दर्शन करने के लिए पत्नी के साथ पंडाल के अंदर गए। कुछ देर बाद वापस लौटे तो स्कूटी नहीं थी। आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ के बाद भी स्कूटी का पता नहीं चला। वाहन स्वामियों ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली थाना में दर्ज कराई है।

# महिला का हाथ-बांह पकड़कर गालीगलौज और मारपीट करने वाले गिरफ्तार

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** बेइज्जत करने की नीयत से हाथ-बांह पकड़कर अश्लील टिप्पणी व मारपीट करने के मामले में थाना कोतवाली पुलिस टीम ने 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रार्थिया 13 अक्टूबर को कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 12 अक्टूबर को वह अपने पति के साथ अंबिकापुर आई थी। पति के साथ खाना खाने के बाद वह अपने पति से जरुरी काम के लिए रुपये की मांग की, इसी बात को लेकर उसका पति से



विवाद हो गया। इसके बाद वह अकेले ऑटो रिक्शा में बैठकर नया बस स्टैंड चली गई और ऑटो से उतरकर शिवम होटल के पास बैठी थी। इसी दौरान दो युवक आए और वे बुरी नीयत से उसे साथ में चलने के लिए कहने लगे- जब वह मना की तो दोनों युवक हाथ-बाह पकड़कर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। वह इनसे बचते बस स्टैंड के पुलिस चौकी की तरफ पहुंची, इस दौरान उसका पति भी मौके पर पहुंच गया था। पुलिस ने मामले में तुलसी यादव, संतोष यादव निवासी रनपुर के विरूद्ध धारा 74, 296, 115(2), 3(5) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। घटनास्थल का निरीक्षण करके पुलिस टीम संतोष कुमार यादव 25 व तुलसी यादव 32 वर्ष दोनों निवासी रनपुर कला को गिरफ्तार की और न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, उप निरीक्षक रम्भा साहू, प्रधान आरक्षक सियाराम मरावी, देव नारायण नेताम, आरक्षक मोतीलाल केरकेट्टा, संजय केरकेट्टा, निर्मल, देवकरण, सैनिक श्याम साहू शामिल रहे।

# घर में घुसकर युवक से मारपीट, स्कार्पियो में बैठाकर साथ ले गए और करते रहे पिटाई

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** घर में घुसकर मारपीट और बलपूर्वक स्कार्पियो वाहन में बैठाकर ले जाने के मामले में भटगांव थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। सूरजपुर जिला के भटगांव थाना अंतर्गत वार्ड नं. 15, बी-टाइप कॉलोनी निवासी कुमार हर्षित प्राइवेट नौकरी करता है। 13 अक्टूबर की रात को करीब 08.15 बजे भटगांव निवासी आदित्य अपने तीन अन्य साथियों के साथ उसके घर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर घर के अंदर से खींचकर उसे बाहर निकाला और मारते-पीटते एसईसीएल अस्पताल ले गए, यहां आने के बाद इन्होंने उसके साथ पुन: मारपीट किया। हर्षित पुलिस को बताया है कि मिशन चौक के पास एक स्कूटी उसकी वाहन से टकरा गई थी। इसकी जानकारी वह अपने मित्रों को फोन से देने के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाने कहा था। इसके बाद अपनी गाड़ी को घर में खड़ा करके मोटरसाइकिल से एसईसीएल अस्पताल पहुंचा। यहां उसके दोस्त सावन एवं अन्य जख्मी लोगों को लेकर पहुंचे थे। इसके बाद वहां खड़े वरिष्ठजनों ने उसे अपने पिता को भेजने के लिए कहा, जिस कारण वह घर आ गया था। आरोप है कि कुछ देर बाद 3-4 लोग उसके घर के अंदर घुस गए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। शोरगुल सुनकर उसके पिता बाहर भागे तो इन्होंने उनके साथ भी गालीगलौज करना शुरू कर दिया। इसके बाद सभी उसे घर के अंदर से खींचते हुए बाहर निकाले और स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 15डीजे 0004 में बलपूर्वक डालकर अस्पताल की तरफ ले जाने लगे। इस दौरान आरोपित चाकू दिखाकर उसे जान से मारने के लिए धमका रहे थे। अस्पताल आने के बाद युवक को स्कार्पियो से नीचे उतारा और दौड़ा-दौड़ाकर मारपीट करने लगे। बीच-बचाव करने आए सावन के साथ भी इन्होंने मारपीट की। रिपोर्ट पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5), 333, 351(2) का मामला दर्ज किया है।

## बीपीसीएल गैस पाइप लाइन का काम रहे युवकों से मारपीट

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** बीपीसीएल के गैस पाइप लाइन प्रोजेक्ट का काम रहे युवकों के किराए के मकान में घुसकर गालीगलौज और जान से मार देने की धमकी देकर मारपीट करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

रविन्द्र कुमार ने पुलिस को बताया है कि वह वर्तमान में एस. केडिया के भट्टी रोड केदारपुर में स्थित किराए के मकान में अपने साथी ओमप्रकाश, सतेन्द्र, सनौज, बबन के साथ रहता है और बीपीसीएल के गैस पाइप लाइन प्रोजेक्ट के कान्ट्रेक्टर कंपनी एलवेचर में काम करता है। वर्तमान में गैस पाइप लाइन बिछाने का कार्य केदारपुर एरिया में वह अपने साथियों के साथ कर रहा है। इसी कंपनी में रविजीत सिंह छाबड़ा भी काम करता है, जो कंपनी के अधिकारियों के पास मनगढ़ंत आरोप लगाकर उक्त साइट में काम करने की मंशा से आए दिन विवाद करते रहता है। आरोप है कि 12 अक्टूबर को रात करीब 10 बजे जब वह अपने साथियों के साथ खाना खाकर अपने किराए के कमरे में सो रहा था, उसी समय रविजीत सिंह छाबड़ा व उसके अन्य साथी आए और दरवाजा खटखटाने लगे। जब वह दरवाजा खोला तो रविजीत सहित अन्य उसे पकड़ लिए उन्हें यहां काम नहीं करने की धमकी देकर गालीगलौज करके शहर से भाग जाने के लिए कहा और सभी के साथ मारपीट करने लगे। इनके द्वारा यहां पाइप लाइन का काम करने पर सभी को जान से मारकर फेंक देने की धमकी दी गई। यही नहीं सभी को ऑटो में बैठाकर बिहार भेजने लगे। इनकी हरकत को देखकर सभी दहशत में आ गए और इधर-उधर भागकर अपना जान बचाए। मारपीट में सभी को चोटें आई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।

## कमोदा संग गरबा का शहरवासियों ने परिवार के साथ लिया आनंद



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर 3 स्टार होटल एण्ड रिसार्ट, द कमोदा रिसार्ट, बनारस रोड गांधीनगर में गरबा नाइट का आयोजन 8 तथा 9 अक्टूबर को सेलिब्रिटी आज तक तथा जी न्यूज, टीव्ही सीरियल में सास-बहु, बेटियां में करिश्मा बुआ का किरदार निभाने वाली पारूल चौधरी तथा छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध ऐंकर लक्ष्मी सिंह की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान टीव्हीएस श्री राम द्वारा प्रयोजित लक्की ड्रा भी निकाला गया और लक्की विजेता को जुपिटियर दिया। गरबा ग्रुप डांस में वेस्ट परफारमेंस विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। द कमोदा रिसार्ट के संचालक सौरभ केसरवानी तथा आयोजन समिति में प्रतीक, हैप्पी मुखर्जी ने बताया कि कमोदा रिसार्ट में पहली बार किए गए गरबा आयोजन में सुरक्षा गार्ड, बाउसंर, स्थानीय पुलिस प्रशासन के सहयोग से सफल आयोजन हुआ। महिलाएं और छोटे-छोटे बच्चे बाम्बे से आए बैंड, संगीत में नाचते रहे। महिलाओं, बच्चे और पुरुषों के लिए अलग-अलग बैठने की व्यवस्था की गई थी। आयोजन में शहर के टीव्हीएस श्रीराम, मान्यवर, जैन फुट वियर, केरोवेट ओम हार्डवेयर, चिरंरश इवेंट, टूटेजा मेडिकल, शानू टेंट, सेरिंग कन्ट्रशन ए-क्लास कांट्रेक्टर, सोना महल के द्वारा अपने प्रोडक्ट में त्यौहारी सीजन के लिए भारी डिस्काउट का कूपन, टिकट के साथ दिया गया।

## संभागीय संयुक्त संचालक ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवापारा का औचक निरीक्षण किया

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** संभागीय संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं, डॉ अनिल कुमार शुक्ला ने सोमवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवापारा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्था में पदस्थ ए.एन.एम. सुचिता माझी समय पर अपने कर्तव्य पर अनुपस्थित पाई गई, जिस कारण उन्होंने संस्था प्रभारी को उक्त ए.एन.एम. को एक दिवस का अवैतनिक करने के निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान संस्था प्रभारी डॉ. शीला नेताम प्रभारी चिकित्सा अधिकारी नवापारा ने अवगत कराया कि उक्त संस्था में 02 नेत्र सहायक अधिकारी पदस्थ हैं, जिस पर डॉ. शुक्ला ने एक नेत्र सहायक अधिकारी लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता को उनके मूल पदस्थापना स्थल में कार्यमुक्त करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सरगुजा को पत्र जारी किया। डॉ. कृष्ण कुमार साहू, आयुष चिकित्सा अधिकारी जो वर्तमान में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा में पदस्थ व कार्यरत हैं, उन्हें उनके मूल पदस्थापना स्थल हेतु तत्काल कार्यमुक्त करने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉ. शुक्ला द्वारा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाए जा रहे समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम के फ्लेक्स व बैनर तैयार कर आम जनता हेतु प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवापारा में पदस्थ अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बलरामपुर जिले में धूमधाम से मना नवरात्रि पर्व, पहली बार बड़कीमहरी में हुई मातारानी की मूर्ति स्थापना

**छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर।** बलरामपुर जिले में नवरात्रि पर्व श्रद्धाभाव से मनाया गया। नौ दिनों तक भक्तों ने मातारानी की पूजा-अर्चना की। जगह-जगह भंडारे का आयोजन हुआ।

ग्राम पंचायत बड़कीमहरी के अटल चौक में पहली बार दुर्गा माता की प्रतिमा स्थापित की गई, जिसे लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया। नौ दिनों तक पूजार्चना और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने हिस्सा लिया। दसवें दिन माता का विसर्जन गांव के तालाब में किया गया। विसर्जन के दौरान गांव के सभी चौक-चौराहों से बुजुर्ग, युवा, महिलाएं और बच्चे देवी के विदाई गीतों पर झूमते हुए शामिल हुए। समिति के सदस्य मुकेश कुमार गुप्ता आरएचओ बड़कीमहरी, मुख्य पुजारी विजय सिंह, अरविंद सिंह, अरुण, अमरेश, सोबरन सिंह सहित सैकड़ों भक्त माता की विदाई में शामिल हुए।



### वर्षों पुरानी मन में दफन आस पूरी हुई

बड़कीमहरी गांव का अटल चौक ऐसा स्थल है, जहां पीढ़ियों से लोगों की आस्था जुड़ी है। यहां गांव के बुजुर्ग बैठते हैं और अपने सोच और निर्णय से गांव की दिशा तय करते थे। इस चौक का हर कोना, हर पेड़-पौधा गांव की खुशियों और दु:ख की घड़ी का साक्षी रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिनों पहले ही गांव के प्रमुख लोग इसी चौक पर बैठे थे। चर्चा का विषय था नवरात्रि। यह पर्व आस-पास के सभी गांवों में हर्षोल्लास से मनाया जाता था, लेकिन इसे गांव में लोग देवी की पूजा अपने घरों में करते थे। गांव के हृदयस्थल में कभी भी सार्वजनिक मां दुर्गा का पूजन नहीं किया गया। बच्चे, बुजुर्ग सभी देवी के दर्शन के लिए दूसरे गांवों में जाते थे। अक्सर गांव की छोटी बच्चियां पूछती थीं हमारे गांव में मां क्यों नहीं आतीं? यह सवाल सुनकर गांव के बुजुर्ग कुछ कह पाने की स्थिति में नहीं रहते थे। इस बार गांव के प्रमुख, बुजुर्ग, युवाओं और महिलाओं ने एकजुट होकर निर्णय लिया इस बार नवरात्रि पर्व पर मां दुर्गा गांव के अटल चौक पर विराजेंगी। यह खबर गांव में फैली और गांव के हर व्यक्ति ने पूरी ताकत और श्रद्धा से मां का स्वागत किया।

माता की मूर्ति अटल चौक पर विराजमान हुईं। गांव के लोगों ने एकजुटता का परिचय दिया और पूजा के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। अटल चौक पर मां दुर्गा की स्थापना के बाद लोगों के मन में दफन वर्षों पुरानी टीस खत्म हो गई।

## आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन 30 तक आमंत्रित

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना अंबिकापुर (शहरी) के परियोजना अधिकारी ने बताया कि बाल विकास परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी सहायिका के 03 रिक्त पदों पर खुली भर्ती के माध्यम से नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र 30 अक्टूबर तक आमंत्रित किए गए हैं, जिसकी सूची एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं आयुक्त नगर पालिका निगम अंबिकापुर के नोटिस बोर्ड में चस्पा कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की भर्ती संत मदर टेरेसा वार्ड क्रमांक 04 मुक्तिपारा आंगनबाड़ी केंन्द्र, गौरी पारा वार्ड क्रमांक 28 बंगालीपारा-02 एवं अग्रसेन वार्ड क्रमांक 37 बण्डाबहरा में होगी। उन्होंने बताया कि उक्त पदों पर केवल महिला ही आवेदन कर सकती हैं। वे अपना आवेदन पत्र बाल विकास परियोजना कार्यालय अंबिकापुर (शहरी) में कार्य दिवस पर कार्यालयीन समय पर जमा अथवा पंजीकृत डाक द्वारा निर्धारित अवधि तक भेज सकते हैं। नियुक्ति की विस्तृत शर्तें एवं अहर्ताओं के संबंध में परियोजना कार्यालय, नगर पालिका निगम अंबिकापुर कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती हैं।

## शिक्षक संघ ने 5 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर।** जिले में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सैकड़ों शिक्षक जिला संयुक्त कार्यालय पहुंचे और अपनी लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। अध्यक्ष पवन सिंह ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि सहायक शिक्षकों के वेतन में विसंगति दूर करने और संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान दिए जाने की मांग के अलावा, पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए पुरानी पेंशन को लागू करने और 20 वर्ष की सेवा के बाद पूर्ण पेंशन का प्रावधान करने की भी मांग की गई है,



जो भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के तहत है। शिक्षक संघ ने उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका आदेश का भी हवाला दिया है, जिसमें सभी पात्र शिक्षकों के लिए क्रमोन्नत, समयमान का विभागीय आदेश जारी करने की बात की गई है। इसके साथ ही 1 जनवरी 2024 से केंद्र सरकार के कर्मचारियों के समान 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की भी मांग की गई है। शिक्षक संघ ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं की जाती हैं तो 24 अक्टूबर को उग्र आंदोलन सहित जंगी प्रदर्शन किया जाएगा।

## रामकृष्ण मिशन के 125वें स्थापना दिवस पर प्रदर्शनी का आयोजन

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** नगर के सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय व महाविद्यालय सुभाषनगर में रामकृष्ण मिशन के 125वें स्थापना दिवस पर प्रदर्शनी सह विक्रय का आयोजन प्राचार्य द्वय डॉ. श्रद्धा मिश्रा व डॉ. बीपी तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के फोटो के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में रामकृष्ण मिशन के स्वामी तन्मयानंद उपस्थित थे। उन्होंने अपने उदबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था, उनका बचपन का नाम नरेंद्र नाथ दत्त था। स्वामी विवेकानंद बचपन से ही पढ़ाई-लिखाई में रुचि रखते थे। उन्होंने हाईस्कूल परीक्षा पास करने के बाद प्रेसीडेंसी कॉलेज में दाखिला लिया। उनके गुरु




का नाम रामकृष्ण परमहंस था। गुरु के सलाह पर वे मानवता में निहित ईश्वर की सेवा का संकल्प लिए और 1 मई 1987 को कोलकाता में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। उन्होंने 1898 में बेंगलुरु में रामकृष्ण मठ की स्थापना की। 1893 में अमेरिका के शिकागो में हुए विश्व धर्म सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किया। वे आत्मविश्वास, ज्ञान की खोज, आत्म सुधार, दूसरों की सेवा एवं सार्वभौमिक भाईचारे के महत्व पर जोर देते रहे। उनका आदर्श वाक्य उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए, रहा। ऋषि सिंह सहायक प्राध्यापक सरस्वती महाविद्यालय ने कार्यक्रम के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सहायक अध्यापक धर्मेंद्र श्रीवास्तव, प्रवीण शर्मा, मलय दास, किशन कुमार, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, सुरेश यादव, पूजा सिंह एवं महाविद्यालय की समस्त छात्राएं उपस्थित थीं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 (छत्तीसगढ़) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर